# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ,

## कार्य परिषद की बैठक संख्या 2026/09, दिनांक 23-06-2026 का कार्यवृत्त

### बैठक में निम्नांकित मा0 कार्य परिषद सदस्य उपस्थित रहें:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 जय प्रकाश सैनी, कुलपति** | **अध्यक्ष** |
| 2. | प्रो0 अरविन्द मोहन, संकायाध्यक्ष, कला संकाय | सदस्य |
| 3. | प्रो0 संगीता साहू, संकायध्यक्ष, प्रबन्ध संकाय **(आनलाइन माध्यम)** | सदस्य |
| 4. | प्रो0 मनुका खन्ना | सदस्य |
| 5. | प्रो0 विवेक सहाय | सदस्य |
| 6. | प्रो0 शिव गोविन्द पुरी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 रत्ना कटियार | सदस्य |
| 8. | प्रो0 हरिनारायण प्रसाद | सदस्य |
| 9. | प्रो0 मुनेश कुमार **(आनलाइन माध्यम)** | सदस्य |
| 10. | डॉ0 सैयद अरशद अली जाफरी | सदस्य |
| 11. | डॉ0 पंचऋषि देव शर्मा | सदस्य |
| 12. | डॉ0 मानिनी श्रीवास्तव | सदस्य |
| 13. | डॉ0 मंजुला उपाध्याय, प्रधानाचार्या, नवयुग पी0जी0 महाविद्यालय | सदस्य |
| 14. | न्यायमूर्ति (से0नि0) रंजना पंडया, | सदस्य |
| 15. | डॉ0 दिलीप विद्याधर सरदेसाई, | सदस्य |
| 16. | प्रो0 राम लखन सिंह, | सदस्य |
| 17. | डॉ0 भावना मिश्रा, कुलसचिव | पदेन सचिव |
| 18. | श्री विद्या नन्द त्रिपाठी, परीक्षा नियन्त्रक | विशेष आमन्त्रित |
| 19. | श्रीमती हिमानी चौधरी, वित्त अधिकारी | विशेष आमन्त्रित |

बैठक के आरम्भ में सचिव, कार्य परिषद/कुलसचिव द्वारा माननीय कुलपति एवं समस्त मा0 कार्य परिषद सदस्यों का स्वागत किया गया तत्पश्चात नवागत कार्य परिषद सदस्य, प्रो0 रत्ना कटियार, वनस्पति विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ0 सैयद अरशद अली जाफरी, ऐसोसिएट प्रोफेसर, ओरियण्टल अरेबिक एवं पर्शियन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ0 प्रेम चन्द्र सिंह यादव, ऐसोसिएट प्रोफेसर, विधि विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, श्री पंचऋषि देव शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर, विधि विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं डॉ0 मानिनी श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का स्वागत किया गया तथा निवर्तमान कार्य परिषद सदस्य, प्रोफेसर बबिता जायसवाल, पुस्तकालय विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ0 अजय प्रकाश, ऐसोसिएट प्रोफेसर, प्रबन्ध विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ0 अल्का मिश्रा, ऐसोसिएट प्रोफेसर, खगोल विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं डॉ0 सुशील कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, गणित विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का कार्यकाल समाप्त होने पर उनकी कार्य अवधि में प्राप्त उनके सुझाव एवं सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

तत्पश्चात अध्यक्ष/कुलपति जी की अनुमति से सचिव, कार्य परिषद/कुलसचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

Bmisla

# बैठक की कार्यवाही

**विनिश्चय संख्या 2026/09/00:-** मा0 कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के सम्बन्ध में 'प्रारम्भिक उद्बोधन।

**मा0 कुलपति द्वारा समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए परिचय सत्र के उपरान्त कार्य परिषद सदस्यों को विश्वविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों एवं विश्वविद्यालय हित में लिये गये निर्णयों से अवगत कराते हुए शैक्षणिक गतिविधियों के उन्नयन आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।**

**मद संख्या 2026/09/01:-** प्रो0 उदय प्रताप सिंह, विभागाध्यक्ष, मानव विज्ञान विभाग के प्रकरण पर प्राप्त महामहिम कुलाधिपति महोदया का आदेश संख्या ई–3893/जी0एस0 दिनांक 12.06.2026 मा0 कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**प्रो0 उदय प्रताप सिंह, विभागाध्यक्ष, मानव विज्ञान विभाग के प्रकरण पर महामहिम कुलाधिपति महोदया के आदेश संख्या ई–3893/जी0एस0 दिनांक 12.06.2026 एवं प्रकरण पर प्रो0 उदय प्रताप सिंह द्वारा मा0 कार्य परिषद के समक्ष प्रस्तुत अभिकथन का संज्ञान लेते हुए मा0 परिषद द्वारा उनके कथन एवं प्रकरण से संबंधित अभिलेखों एवं प्रपत्रों पर समग्र विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि प्रो0 उदय प्रताप सिंह के प्रकरण पर गठित अनुशासनिक समिति में प्रति कुलपति के वर्तमान में अस्तित्व में नहीं होने के कारण मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में निम्नवत नवीन अनुशासनिक समिति का गठन किये जाने हेतु मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन किया गयाः–**

1. मा0 कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, :–अध्यक्ष
2. प्रो0 अरविन्द मोहन, संकायाध्यक्ष, कला संकाय, ल0वि0वि0 :–सदस्य
3. डॉ0 मंजुला उपाध्याय, प्राचार्या, नवयुग पी0जी0 महाविद्यालय :–सदस्य

समिति में प्रो0 ए0के0 विश्वकर्मा, निदेशक, विधिक प्रस्तुतकर्ता अधिकारी के रूप में भाग लेंगे।

कार्य परिषद द्वारा प्रो0 उदय प्रताप सिंह के प्रकरण पर जॉच के संबंध में पूर्व निर्गत आरोप पत्र को पुनः अनुमोदित करते हुए प्रकरण पर गठित समिति को दो माह में अपनी आख्या/संस्तुति प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

अग्रेतर प्रो0 उदय प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए "शिक्षक श्री सम्मान से अलंकृत किये जाने के क्रम में विश्वविद्यालय की परिनियमावली के संशोधित परिनियम 15.24(2) में वर्णित प्रावधानों के अर्न्तगत प्रो0 उदय प्रताप सिंह को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने (30 जून 2026) के पश्चात 02 वर्ष का सेवा विस्तार इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया कि जॉच आख्या में यदि प्रो0 उदय प्रताप सिंह दोषी पाये जाते हैं तो कार्य परिषद द्वारा उनका सेवा विस्तार समाप्त कर दिया जायेगा साथ ही प्रो0 उदय प्रताप सिंह से इस आशय का **(Notirized)** शपथ पत्र प्राप्त कर लिया जाय कि उन्हें 02 वर्ष का सेवाविस्तार दिये जाने के उपरान्त उनके प्रकरण पर गठित अनुशासनिक समिति की रिपोर्ट पर कार्य परिषद का जो भी निर्णय होगा वह उन्हें मान्य होगा।

उक्त शर्त के साथ प्रो0 उदय प्रताप सिंह, मानव शास्त्र विभाग, ल0वि0वि0 को "शिक्षक श्री सम्मान के दृष्टिगत 02 वर्ष का सेवाविस्तार दिये जाने पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

Bmisla

मद संख्या 2026/09/02:- प्रो0 मुन्ना सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रकरण पर प्राप्त महामहिम कुलाधिपति महोदया का आदेश संख्या ई–3879/जी0एस0 दिनांक 12.06.2026 मा0 कार्य परिषद के समक्ष समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**प्रो0 मुन्ना सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रकरण पर प्राप्त महामहिम कुलाधिपति महोदया के आदेश संख्या ई–3879/जी0एस0 दिनांक 12.06.2026 एवं प्रकरण पर प्रो0 मुन्ना सिंह द्वारा मा0 कार्य परिषद के समक्ष उनके अभिकथन का संज्ञान लेते हुए मा0 कार्य परिषद द्वारा विस्तृत विचारोपरान्त प्रो0 मुन्ना सिंह के प्रकरण से सम्बन्धित समस्त पत्रावलियों को अनुक्रमांकित करते हुए उनका गहन परीक्षण करने के उपरान्त विस्तृत आख्या सहित प्रकरण को कार्य परिषद की अगली बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।**

## तत्समय प्रस्तुत मद की कार्य सूची

मद संख्या 2026/09/S01:- लखनऊ विश्वविद्यालय, कार्य परिषद की दिनांक 05-06-2026 को सम्पन्न बैठक (संख्या 07/2026) का कार्यवृत्त एवं कृत कार्यवाही आख्या मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**कार्य परिषद की बैठक (संख्या 07/2026) दिनांक 05-06-2026 की कार्यवृत्त एवं कृत कार्यवाही आख्या पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

मद संख्या 2026/09/S02:- लखनऊ विश्वविद्यालय, कार्य परिषद की दिनांक 10-06-2026 को आभासी माध्यम (on-line mode) से सम्पन्न आकस्मिक बैठक (संख्या 08/2026) का कार्यवृत्त एवं कृत कार्यवाही आख्या मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**कार्य परिषद की बैठक (संख्या 08/2026) दिनांक 10-06-2026 को आभासी माध्यम (on-line mode) से सम्पन्न आकस्मिक बैठक की कार्यवृत्त एवं कृत कार्यवाही आख्या पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

मद संख्या 2026/09/S03:- Equal Opportunity Cell (EOC) Guidelines मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा Equal Opportunity Cell (EOC) Guidelines पर सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

मद संख्या 2026/09/S04:- डॉ0 प्रगति कुशवाहा, असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग को लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पूर्व गया कालेज, गया जी, बिहार, में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर प्राप्त हो रहे मूल वेतन रू0 68,900/– को संरक्षित किये जाने सम्बन्धी प्रकरण शासन से दिशानिर्देश/मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए सन्दर्भित किये जाने हेतु मा0 कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ/आदेशार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से प्रकरण शासन को संदर्भित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

मद संख्या 2026/09/S05:- Constitution of the Community Educational Development Cell (CEDC) का Statement of Purpose (SOP) मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा Constitution of the Community Educational Development Cell (CEDC) का Statement of Purpose (SOP) पर सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

Bindu

मद संख्या 2026/09/S06:- उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 707/सत्तर–1– 2026 दिनांक 03.06.2025 द्वारा शिक्षा विभाग की समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों हेतु जारी शैक्षणिक कैलेण्डर 2026–27 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा भविष्य में शैक्षणिक कैलेण्डर का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश के साथ शैक्षणिक कैलेण्डर 2026–27 पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

मद संख्या 2026/09/S07:- विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष, प्रबन्ध विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा मुख्या परिसर, लखनऊ विश्वविद्यालय में एक अतिरिक्त सेक्सन (स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत) संचालित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा पर सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से प्रबन्ध विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, मुख्य परिसर में एक अतिरिक्त सेक्सन (स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत 75 सीट) को संचालित किये जाने हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

मद संख्या 2026/09/S08:- विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विभाग में सत्र 2026–27 से संचालित होने वाले नये पाठ्यक्रमों के दृष्टिगत संविदा पर Teaching and Support Staff के पद सृजन हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में नये पाठ्यक्रमों के दृष्टिगत संविदा पर Teaching Staff के पद सृजन हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

मद संख्या 2026/09/S09:- (1) लखनऊ विश्वविद्यालय में पारदर्शी एवं कार्यो में गतिशीलता प्रदान किये जाने हेतु शासन की नियमावली **56 J** को विश्वविद्यालय में लागू किये जाने हेतु मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

(2) मा0 कार्य परिषद द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में ई–ऑफिस की प्रगति की जानकारी ली गयी, डॉ0 अनुपमा सक्सेना द्वारा कार्य को गम्भीरता पूर्वक सम्पादित न किये जाने के कारण मा0 कार्य परिषद द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। कुलसचिव को निर्देशित किया गया कि श्रीमती अनुपमा सक्सेना, प्रोग्रामर को इस आशय का नोटिस प्रदान करें कि यदि एक सप्ताह में उनके द्वारा इस संबंध में कार्यवाही पूर्ण नहीं की जाती है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही संस्थित कर दी जायेगी।

- लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2026–27 से नवीन संचालित पाठ्यक्रम B.B.A.,L.L.B (Integrated Five Years) की प्रति सेमेस्टर फीस निर्धारित करने एवं प्रवेश B.A.,L.L.B (Integrated Five Years) की प्रवेश प्रक्रिया के समान प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव मा0 कार्य परिषद के समक्ष सम्पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुए सम्पुष्टिकरण किया गया और वित्त समिति द्वारा सम्पुष्टि कराये जाने के भी निर्देश प्रदान किए गयें।

तत्पश्चात अध्यक्ष, कार्य परिषद/कुलपति की अनुमति से सचिव, कार्य परिषद/कुलसचिव द्वारा समस्त मा0 कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

Bmida

कुलसचिव

अनुमोदित

कुलपति